# समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026


# भारत मे X यूज़र्स के लिए खुशखबरी! अब महज इतने रुपये मे मिल जाएगा प्रीमियम सब्सक्रिप्शन, जाने कितना हुआ सस्ता।

Publisher | Published on 12 Jul 2025



**Elon Musk के X (पूर्व Twitter) ने भारत मे अपने तीनों सब्सक्रिप्शन प्लान की कीमतों मे 47% तक की भारी कटौती की, जाने नंए रेट और सुविधाएं।**

**नई दिल्ली**: भारत में **Elon Musk** की **सोशल मीडिया कंपनी X** (पहले Twitter) ने अपने **Premium** सब्सक्रिप्शन की कीमतों में बड़ी कटौती की है। कंपनी ने **Basic, Premium** और **Premium+** तीनों टियर के दाम **47%** तक घटा दिए हैं।

भारत जैसे विशाल और तेजी से बढ़ते **डिजिटल मार्केट** को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है। माना जा रहा है कि इस फैसले से X का यूज़रबेस तेजी से बढ़ेगा।

**नए सब्सक्रिप्शन रेट (वेब पर)**

| प्लान | नई कीमत (मासिक) | पुरानी कीमत (मासिक) | नई सालाना कीमत | पुरानी सालाना कीमत |
|---|---|---|---|---|
| Basic | ₹170 | ₹244 | ₹1,700 | ₹2,591 |
| Premium | ₹427 | ₹650 | ₹4,272 | ₹6,800 |
| Premium+ | ₹2,570 | ₹3,470 | ₹26,400 | ₹34,340 |

**मोबाइल ऐप्स पर अलग है कीमते**

**Google** और **Apple** के कमीशन के चलते मोबाइल ऐप्स पर कीमतें थोड़ी अधिक हैं:

१. **Premium:** ₹470/माह (पहले ₹900/माह)

२. **Premium+:** ₹3,000/माह (iOS पर ₹5,000/माह)

३. **Basic:** सभी प्लेटफॉर्म पर ₹170/माह

**हर प्लान मे क्या-क्या मिलेगा ?**

**Basic प्लान :**

१. **पोस्ट एडिट करने की सुविधा**

२. **लंबी वीडियो अपलोड**

३. **रिप्लाई मे प्राथमिकता**

४. **पोस्ट फॉर्मेटिंग जैसे सीमित फीचर्स**

**Premium प्लान**:

१. **X Pro जैसे टूल्स**

२. **एनालिटिक्स एक्सेस**

३. **ब्लू टिक**

४. **कम विज्ञापन**

५. **Grok AI की एक्स्ट्रा लिमिट**

**Premium+ प्लान :**

१. **100% एड-फ्री एक्सपीरियंस**

२. **सबसे अधिक रिप्लाई बूस्ट**

३. **लंबा आर्टिकल पोस्ट करने की सुविधा**

४. **Radar टूल से लाइव ट्रेंड्स की जानकारी**

**Musk की नई रणनीति : सब्सक्रिप्शन से कमाई बढ़ाना**

**Elon Musk** की कंपनी **xAI** ने हाल ही में अपना नया **AI मॉडल Grok 4** लॉन्च किया है। **मार्च 2025 मे xAI ने X** को $33 अरब की स्टॉक डील के जरिए खरीदा था।

हालांकि **Musk** की सब्सक्रिप्शन से कमाई बढ़ाने की योजना अब तक उतनी सफल नहीं रही है। **दिसंबर 2024 तक X** ने मोबाइल ऐप्स से सिर्फ **$16.5 मिलियन** की इन-ऐप कमाई की थी।

इस बीच, **X की CEO Linda Yaccarino** ने दो साल के कार्यकाल के बाद इस्तीफा दे दिया है। कंपनी अब विज्ञापन पर निर्भरता घटाकर सब्सक्रिप्शन-आधारित राजस्व को प्राथमिकता दे रही है।

**भारत मे क्यों जरूरी था यह फैसला ?**

भारत में करोड़ों **इंटरनेट यूज़र्स** हैं, लेकिन बहुत कम लोग **सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स** पर भुगतान करके सेवाएं लेते हैं। ऐसे में **X द्वारा** की गई यह मूल्य कटौती **भारतीय यूज़र्स** को आकर्षित करने का बड़ा प्रयास मानी जा रही है।

विशेषज्ञों का मानना है कि यह एक रणनीतिक कदम है जो X को **Facebook** और **Instagram** जैसे बड़े प्लेटफॉर्म्स की टक्कर में खड़ा कर सकता है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.